तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 नेताजी के विचारों को आत्मसात करने की ...



10 पीसीसी की जांच समिति पहुंची कोहकामेटा...



श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### विकास को पचा नहीं पा रहे कांग्रेसी : कश्यप



जगदलपुर। ब्लॉक भाजपा के मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी में कहा कि विधायक विनायक गोयल जनता की समस्याओं का समाधान के लिए विकास कार्यों की पहल कर रहे है । परंतु कांग्रेसी इसे पचा नहीं पा रहे हैं। मिलने वाली सुविधाओं में रुकावट लाने की कोशिश कर रहे हैं, परंतु ऐसा नहीं होगा । उन्होंने कांग्रेसियों को जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि 18 अगस्त को बिंता में भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जो कांग्रेसियों को अखर रहा है पांच साल सत्ता में रहे पर कुछ किए नहीं अब भाजपा के विकास कार्य को देखते हुए तरह-तरह के भ्रामक बातें जनता के बीच फैला रहे हैं। लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुलेंगा, बिन्ता, बदरेंगा, मारडुम एवं पारापुर में कुल 1 करोड़ रुपए की लागत से नवीन स्कूल एवं पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

### आश्रम छात्रावास में महिला सैनिक होंगे तैनात

जगदलपुर। जिले में बालिका आश्रम और छात्रावासों में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 130 महिला नगर सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। चयनित सभी अभ्यर्थियों का जिला सेनानी नगर सेना के कार्यालय में 1 से 10 सितम्बर तक उपस्थिति ली जाएगी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेज के साथ इस दौरान उपस्थित होना होगा।

### अण्डर 14, 16 व 19 का ट्रायल किरंदूल स्टेडियम में 23 से

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के निदेर्शानुसार दन्तेवाडा जिला क्रिकेट समिति का डिस्ट्रीक मैचेस हेतु जिला क्रिकेट टीम का चयन होना है। अण्डर 14 का ट्रायल 23 अगस्त को किरन्दूल में होना है। अण्डर 16 का ट्रायल 14 सितम्बर को और अण्डर 19 का ट्रायल 31 अगस्त को होना है। सीनियर व अण्डर 23 का ट्रायल 7 सितम्बर को है। सभी ट्रायल मैच किरन्दूल के स्टेडियम में होना है। खिलाडी अपने साथ क्रिकेट किट व क्रिकेट जर्सी में आएंगे । यह जानकारी दंतेवाड़ा जिला क्रिकेट समिति के सचिव ने दी है।

### पुराने रिकॉड्र्स और अनुपयोगी सामग्री के निपटारे का आदेश

जगदलपुर। जिला प्रशासन ने गुड गवर्नेंस अभियान के अंतर्गत सरकारी कार्यालयों में जमा पुराने रिकॉड्र्स और अनुपयोगी सामग्री के निपटारे (स्क्रैपिंग) के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कलेक्टर एस. हरिस द्वारा जारी इस आदेश में एक समिति का गठन किया गया है, जो जिले के विभिन्न विभागों में इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की जिम्मेदारी संभालेगी।

### भूमि आवंटन के संबंध में मंगाई दावा-आपत्ति

जगदलपुर। नजूल अधिकारी के द्वारा फ्रेजरपुर स्थित नजूल शीट क्रमांक 66 भू-खण्ड क्रमांक 1/5 क्षेत्रफल 14000 वर्गफुट भूमि को पर न्यायिक अधिकारियों के लिए शासकीय आवासगृह निर्माण हेतु भूमि आबंटन के संबंध में दावा-आपत्ति मंगाई गई है। किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का आपत्ति-दावा हो तो 27 अगस्त तक स्वयं या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# महारानी अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या पहुंची 500 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल का ओपीडी मरीजों से भरा हुआ है। अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ है और ओपीडी सेवाएं बाह्य रोगी विभाग उपयोग करने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है। ओपीडी या आउट पेशेंट विभाग, अस्पताल का वह हिस्सा है जहां मरीजों को भर्ती किए बिना चिकित्सा परामर्श, निदान और उपचार प्रदान किया जाता है।

ओपीडी में मरीज आमतौर पर परीक्षण, डॉक्टर से परामर्श और छोटी बीमारियों, चोटों या सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाओं के लिए आते हैं। अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार आदि की लगभग 680 मरीज मंगलवार को पहुंचे।

मरीजों को लगभग आधा घंटे बाद डॉक्टर से मिले। बाह्य रोगी कक्ष के बाहर बैठे मरीज से बातचीत की। उसे पूछा कि महारानी अस्पताल में भीड़ ज्यादा है डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं जा रहे हो तो उसने कहा कि मेकाज शहर से लगभग 7 किमी दूर है। मेकाज में जाने से डॉक्टरों के दिए गए दवाओं के लिए जगदलपुर ही जाना पड़ता है, इसलिए अपना उपचार महारानी अस्पताल में कराउंगा। मौसमी बीमारी से पीड़ितों की संख्या भी बढ़ी है।

## मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ी, डॉक्टर से मिलने में लग रहे आधे घंटे से अधिक





### डॉक्टरों व अन्य स्टॉफ को दिए निर्देश

अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि सभी डॉक्टरों एवं अन्य स्टॉफ को निर्देश दिए गए है कि हरसंभव मरीजों का उपचार करें। मरीजों को साथ कोई भी लापरवाही एवं मनमानी न करें, साथ ही डॉक्टरों को कहा कि अस्पताल में जो दवाइयां उपलब्ध हों उसे ही पर्ची में लिखें।

## सियासत : मेयर ने कांग्रेस पार्षदों पर लगाए गंभीर आरोप

# कांग्रेसियों ने जलाया महापौर का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महिला पार्षदों से की गई अभद्रता को लेकर बस्तर जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने महापौर संजय पांडे का पुतला दहन किया।

- पुलिस से हुई आंदोलनकारियों की झूमा-झटकी

इस मौके पर राजीव भवन के सामने बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे। इस बीच कांग्रेसी और पुलिस के बीच झूमा झटकी भी हुई। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,सुषमा सुता, विक्रम सिंह डांगी, सुभाष गुलाटी, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, पार्षदगण, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### दलपत सागर में मीडिया डिबेट के बाद हुआ था विवाद

मंगलवार को दलपत सागर में एक मीडिया चैनल द्वारा डिबेट रखा गया था, जिसमें कांग्रेस और भाजपा के अनेक पार्षद मौजूद थे। महापौर भी डिबेट में आमंत्रित थे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने हरिभूमि को बताया कि डिबेट खत्म होने के बाद पूर्व पार्षद बी ललीता ने महापौर संजय पाण्डेय से कहा कि भ्रष्टाचार कम करने की बात कहते हो। और भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व महापौर को साथ ले गए। इस पर महापौर ने कहा कि तुम्हारे उपनेता प्रतिपक्ष पर भ्रष्टाचार का मामला जगजाहिर है। इस बीच वाद विवाद बढ़ गया और महापौर ने कांग्रेस की महिला पार्षदों से अभद्रता की ।

### महापौर पर एफआईआर के लिए थाना में आवेदन

कांग्रेस ने पुतला दहन के बाद कोतवाली थाना में महापौर पर एफआईआर करने के लिए आवेदन दिया है। इसमें कहा गया है कि दो बार की पार्षद और वर्तमान उपनेता प्रतिपक्ष के साथ महापौर का तू तड़ाक में बात करना अशोभनीय है। महापौर के पद में रहकर इस तरह का बर्ताव महिलाओं के साथ करना ठीक नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि महापौर को सभी दल के पार्षदों के साथ तालमेल बिठाकर शहर विकास के लिए काम करना चाहिए। पूर्वागृह जैसी स्थिति मुखिया के लिए शोभा नहीं देता ।

### आपा खोकर गंदी और गालियां पार्षद ने दी : पाण्डेय



जगदलपुर। महापौर संजय पाण्डेय ने जारी बयान में कहा कि डिबेट के दौरान जैसे ही प्रधानमंत्री आवास घोटाले में 25000 रुपये लेने का मामला उजागर किया, वैसे ही कांग्रेस की महिला पार्षद आपे से बाहर हो गई। पूर्व में भी उनके द्वारा वार्डवासियों के साथ ठगी करने के पश्चात धमकाया गया था। उनका वीडियो वायरल है । इससे पूर्व वार्डवासियों ने उनकी पिटाई कर दी थी जिससे उसके चेहरे पर चोट आयी थी वो भी वायरल हुआ था । उसने आपा खोकर गंदी और भद्दी गालियां दी है। उन्होंने कहा सारे शहर को मालूम है कि इस पार्षद के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने 28 दिन तक बोधघाट थाने के सामने धरना दिया था । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित 700 से ऊपर कार्यकर्ता पुलिस द्वारा अरेस्ट किए गए। विधानसभा में मामला उठने के बाद कांग्रेस सरकार ने ही उनके खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया और आज वह जमानत पर रिहा होकर गुंडागर्दी कर रही है। ज्ञात हो कि आज कांग्रेस ने महिला पार्षदों के साथ अभद्रता का आरोप लगाकर महापौर का पुतला दहन किया था, जिसपर पलटवार करते महापौर ने यह बयान दिया है।

# बस्तर जिले में सोमवार को हुई 55.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले में सोमवार को 55.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक बास्तानार तहसील में 80.9 मिलीमीटर और सबसे कम भानपुरी तहसील में 22.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। सोमवार को जगदलपुर तहसील में 66.5 मिलीमीटर, बकावंड तहसील में 43.8 मिलीमीटर, बस्तर तहसील में 55.3 मिलीमीटर, लोहंडीगुड़ा तहसील में 37 मिलीमीटर, दरभा तहसील में 80.2 मिलीमीटर, तोकापाल तहसील में 54.7 मिलीमीटर, नानगुर तहसील में 70.2 मिलीमीटर और करपावंड तहसील में 48.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

- 1 जून से अब तक जिले में 1003 .4 मिमी वर्षा दर्ज जो औसत से 11 .6 प्रतिशत अधिक

बस्तर जिले में इस वर्ष अब तक औसत से 11.6 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक 1003.4 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जबकि पिछले 10 वर्षों का औसत 898.9 मिलीमीटर रहा है। अब तक तोकापाल तहसील में 1102.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत का 144.1 प्रतिशत है। दरभा तहसील में 1197.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो पिछले 10 वर्षों के औसत 918 मिलीमीटर का 130.4 प्रतिशत है। जगदलपुर तहसील में अब तक 1050.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो 10 वर्षों के औसत 992 मिलीमीटर का 105.9 प्रतिशत है। बकावण्ड तहसील में 848.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो 10 वर्षों के औसत 933.1 मिलीमीटर का 90.9 प्रतिशत है। बस्तर तहसील में 901.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है, जो 10 साल के औसत 816.4 मिलीमीटर का 110.4 प्रतिशत है। लोहण्डीगुड़ा तहसील में 920.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो 10 वर्षों के औसत में 922.4 मिलीमीटर का 99.8 प्रतिशत है। बास्तानार तहसील में 1055.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो 10 वर्षों के औसत 997.8 मिलीमीटर का 105.8 प्रतिशत है। नानगुर तहसील में 1110 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत 992 मिलीमीटर का 111.9 प्रतिशत है। भानपुरी तहसील में 833.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत 816.4 का लगभग 100 प्रतिशत है। करपावंड में 1014.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत 933.1 मिलीमीटर का लगभग 108.7 प्रतिशत है।

# महिला को तलवार दिखाकर घर और गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- तलवार लहराकर गुण्डागर्दी करने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने पकड़ा
- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर

तलवार लहराकर महिला से बदसलूकी करने व घर व गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोधघाट पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी हत्या के प्रयास मामले में जेल जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा नयामुण्डा तिरंगा चौक में तलवार लहराकर डरा धमकाकर गुंडा गर्दी व तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में बोधघाट थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थिया रवीना गुप्ता ने बताया कि 18 ⏭ शेष पेज 10 पर



# एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के 907 कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 फीसदी वेतनवृद्धि सहित को लेकर दूसरा दिन में भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। एनएचएम कर्मचारी संघ मंगलवार को शहर के कृषि उपज मंडी के पुराना परिसर में धरना कर नारेबाजी की। इसमें संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27 फीसदी वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज कर्मचारी अब हड़ताल पर हैं। सुदूर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के कई अस्पतालों में अव्यवस्था बढ़ गई है और कई अस्पताल पूरा बंद होने की कगार पर हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आगे आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

- मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन : शकुंतला

### हड़ताल से सेवाएं प्रभावित

हड़ताल से ग्रामीण अस्पताल पर लटके ताले, मरीजों को दवाइयां उपलब्ध नहीं, नवजात शिशु वार्ड (एनआरसी) बंद सहित पोषण आहार केंद्र बंद पड़े हैं। शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट, सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जांच बाधित, स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह ठप हो गई। साथ ही नियमित टीकाकरण बंद होने से टीबी, मलेरिया, कुष्ठ जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयां नहीं मिल रही हैं।

### मंत्रिमंडल की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

हड़ताल में प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं समस्त मंत्रिमंडल का मुखौटा लगाकर धरना प्रदर्शन में मंत्रियों को सद्बुद्धि देने हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया। जिससे मंत्रियों को एनएचएम कर्मियों की 10 सूत्रीय मांगों के संबंध में निर्णय लेने हेतु सद्बुद्धि मिलेगी।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित

# रजत जयंती महोत्सव की तैयारी व जिले के विकास कार्यों पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया।

- जन शिकायतों लंबित प्रकरणों पर करें तत्काल कार्रवाई

बैठक में आगामी रजत जयंती महोत्सव की तैयारियों के साथ-साथ जिले के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। जनशिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में रजत जयंती महोत्सव के भव्य आयोजन पर कार्ययोजना चर्चा की गई। कलेक्टर ने शासन द्वारा जारी लोगों का उपयोग अनिवार्य तौर पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित तिथियों के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव के दौरान हर सप्ताह एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

इन कार्यक्रमों की फोटो व विवरण पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर पूरे कार्यक्रम का विस्तृत योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### समावेशी विकास की नई पहल

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगी क्रियान्वयन हेतु बस्तर जिले के सातों विकासखंड के 377 गांवों में प्रत्येक ग्राम स्तर पर 20 से 25 स्वयं सेवकों का चयन किया जाना है। जिले में सेवा पर एवं जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विकासखंड में मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति की जाएगी।

### मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस के एजेंडा पर चर्चा

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस के एजेंडा पर भी चर्चा की, जिसमें एग्री स्टैक के पंजीयन की तहसील वार समीक्षा और रिपोर्टिंग की स्थिति की जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, वेब पोस्ट पीजी पोर्टल, और आमचो बस्तर ऐप पर लंबित एक माह से अधिक की जन शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# इंडस, एटीसी टावर किए गए सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम ने बकाया नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं होने पर टावरों को बंद कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- 7 दिन का दिया समय , नहीं तो पूरे टावर होंगे सील

मंगलवार को गुरु घासीदास वार्ड में कार्रवाई की शुरूआत की गई । इस दौरान इंडस टावर एवं एटीसी टावरों पर कार्रवाई की गई। जबकि बीएसएनएल एवं जिओ टावरों पर आगामी तिथि में कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने 7 दिन का समय निर्धारित किया है अगर तय समय पर नवीनीकरण शुल्क नहीं जमा करते हैं तो पूरे टावर सील किए जाएंगे। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा जब तक नवनीकरण टावरों का नहीं हो जाता तब तक यह कार्रवाई चलती रहेगी। नोटिस देने के बावजूद भी संबंधित टावरों के अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया । जनता को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से टावर सील की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उप अभियंता दीपांशु देवांगन, भवन समन्वयक सूर्य निर्मलकर एवं निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फरसगांव कॉलेज में हुआ ध्वजारोहण



**फरसगांव।** भारत देश सहित कोंडागांव जिले में स्वतन्त्रता दिवस सभी लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया । वहीं फरसगांव नगर में स्थित चैतू गायता शासकीय कॉलेज फरसगांव में धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस को मनाया गया। इस दौरान कॉलेज में फरसगांव भाजपा मंडल में महामंत्री प्रवीण राव ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं दिए । इस दौरान, देवेंद्र निषाद, गुरुचरण नरेटी, कॉलेज के प्रिंसपल, प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

### आपदा पीड़ित परिवारों को मिली सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम कोपरा निवासी प्रज्ञान मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता सुशीला मरकाम, पिता नाथूराम मरकाम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## पेज 9 का शेष

### महिला को तलवार...

अगस्त को पडोसी महेन्द्र जांगड़े उर्फ लल्ला प्रार्थिया के घर के सामने आकर गन्दी गन्दी गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे तलवार को दिखा कर लहराते हुए प्राथीर्या को घर से बाहर निकल नहीं तो जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस दौरान आरोपी ने घर के बाहर रखे हीरो डिलक्स वाहन क्रमांक सीजी 17 केजी 2816 तथा घर के खिड़की को तोड़फोड़ किया जिससे उसे 30 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। प्राथीर्या की रिपोर्ट पर टीम ने मौके में जाकर आरोपी महेंद्र जांगड़े उर्फ लल्ला 24 वर्ष निवासी नयामुण्डा तिरंगा चौक को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार तलवार जब्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नेताजी के विचारों को आत्मसात करने की दी प्रेरणा

**सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम 18 अगस्त 2025 को आयोजित हुआ, जिसमें पूर्व सैनिकों के साथ–साथ जिला बल की लिखित परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

**पूर्व सैनिकों और कोचिंग विद्यार्थियों ने मिलकर किया नमन**



***जयघोष के साथ हुआ समापन***

*कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक राकेश धीवर सहित निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने वाले युवक–युवतियां बड़ी संख्या में मौजूद रहे।*

जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली सेनानी थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर युवाओं को स्वतंत्रता की लड़ाई में प्रेरित किया। उनका प्रसिद्ध नारा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के जीवन परिचय को याद करते हुए बताया गया कि उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा में हुआ था। 18 अगस्त 1945 को ताइवान में एक विमान दुर्घटना के बाद उनका निधन हो गया। वे असाधारण नेतृत्व क्षमता, समाजवादी नीतियों और स्वतंत्रता के प्रति उनके योगदान के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे।

## घायल आदिवासी युवक और परिजनों से की मुलाकात

# पीसीसी की जांच समिति पहुंची कोहकामेटा फर्जी नक्सली मुठभेड़ का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कोहकामेटा नलाझर में 14 अगस्त को हुई कथित नक्सली मुठभेड़ को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी की 7 सदस्यीय जांच समिति मंगलवार को घटनास्थल पहुँची। समिति का नेतृत्व पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने किया, जबकि इसमें विधायक लखेश्वर बघेल, सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक संतराम नेताम, पीसीसी महामंत्री रवि घोष, देवचंद मतलाम और जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम शामिल रहे। समिति ने अस्पताल में घायल आदिवासी युवक अभय नेताम और उसके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उन युवकों से भी बात की जो घटना के समय अभय के साथ जंगल गए थे। इन युवकों ने बताया कि वे शिकार पर गए थे, तभी पुलिस जवानों ने उन्हें नक्सली कहकर रोका और अभय को गोली मार दी। ग्रामीणों ने भी कहा कि क्षेत्र में कभी नक्सली गतिविधियाँ नहीं हुईं।

***घटनास्थल का किया निरीक्षण***

*जांच दल अभय के साथियों और ग्रामीणों के साथ उस जगह पहुँचा जहाँ गोली चलाई गई थी। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि मौके पर मिला मोटरसाइकिल का प्लग भी पुलिस की कहानी पर सवाल खड़े करता है। समिति का कहना है कि यह घटना फर्जी मुठभेड़ है और पुलिस ने अभय समेत युवकों पर नक्सली होने का झूठा दबाव बनाया।*

***विधानसभा में गूंजेगी आवाज***

*प्रेस वार्ता में विधायक लखेश्वर बघेल ने इसे आदिवासियों को खत्म करने की साजिश बताया और कहा कि विधानसभा में यह मुद्दा जोरदार ढंग से उठेगा। समिति ने अभय को बेहतर इलाज, परिजनों को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि, एक सदस्य को नौकरी और दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि न्याय के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रहेगी।*

# ऑपरेशन तलाश में 3 माह से गुम महिला को पुलिस ने किया दस्तायाब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

■ महिला को परिजन अपने बीच पाकर हुए खुश

पुलिस ने तीन माह से गुम महिला को दस्तायाब कर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सलीम नेताम पिता सोहन नेताम उम्र 25 वर्ष निवासी सोड़ापारा चिचाडी ने थाना आकर गुमशुदगी की सूचना दिया कि इसकी पत्नि श्रीमति वंदना नेताम उम्र 22 वर्ष ने 12 मई को घर से फरसगांव बाजार जाने के नाम से निकली थी, जो शाम रात तक घर वापस नहीं आई। इस पर 22 मई को गुम इंसान कमांक 19/2025 कायम कर पता तलाश में लिया गया। गुम इंसान के प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गुम महिला की पतासाजी के दौरान गुम महिला को ग्राम भिलौनी थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा से बरामद कर दस्तयाब कर पूछताछ में अपने मर्जी से दोस्त के घर ग्राम भिलौनी जाना बतायी। उसके बाद सकुशल गुम महिला के पति को सुपुर्द किया गया। गुम महिला को परिजन अपने बीच पाकर फरसगांव पुलिस की जनहित जनसेवक कार्यों की सराहना कर धन्यावाद दिया।

# नगर में हुई माता पहुंचानी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

■ श्रद्धालुओं पर हल्दी व नीम के घोल का किया गया छिड़काव

दिन भर की रिमझिम बारिश के बीच नगर में 19 अगस्त को माता पहुंचानी पूजा परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से ही नगर में रुक रुक कर बारिश हो रही थी । लोग बारिश से परेशान थे सभी बारिश रुकने का इंतजार कर रहे थे, दोपहर के बाद बारिश रुकने के बाद माता पहुचानी पूजा चालू किया गया, जिसके बाद माता शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की पूजा करने मन्दिर में भीड़ जुटने लगी। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने माता मन्दिर की परिक्रमा की गई।

परिक्रमा में जिन लोगों को माता का प्रकोप से पीड़ित थे, उन सभी श्रद्धालुओं के ऊपर माता को अर्पण हल्दी व नीम पत्ता पानी का घोल का छिड़काव किया गया। माता पहुचानी में शीतला मन्दिर में देर शाम तक मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। इस पूजा में नगर सहित आसपास गांव के लोग भी भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। और सभी श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए माता शीतला ई प्रार्थना भी की।



गायता पुजारी के द्वारा माता शीतला की विधिवत पूजा कर नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत उनके समाधान के निर्देश दिए।

आज जनदर्शन में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुछ प्रमुख मामले इस प्रकार हैं। दादरगढ़ के युवा लिमदरहा मिडवें में स्थित जलाशय में बंबुराफ्टिंग बांस से राफ्टिंग शुरू करने के लिए आवेदन। कलेक्टर ने वन विभाग को सहायता के निर्देश दिए। मांझी बोरण्ड नयापारा निवासी शिवलाल नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की मांग। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। काटागाँव के ग्रामीण अवैध वन अतिक्रमण की शिकायत। जामगाँव की




मछुआ समिति मत्स्य पालन के लिए जामगाँव में स्थित सिंचाई जलाशय को लीज पर देने की मांग। कोण्डागांव के सोनसिंह सोड़ी नवीन स्कूल खोलने की मांग। बड़े खौली निवासी बिजऊ गोटा वन अधिकार पत्र की मांग। बड़े कनेरा निवासी प्रकाश चुरगीयां रुर्बन मिशन से एंबुलेंस, धान खरीदी केंद्र का स्थल परिवर्तन और ग्राम सभा के लिए शेड निर्माण की मांग। बाँसकोट निवासी शीतल नाग बाँसकोट स्थित महावीर चौक से शासकीय माध्यमिक शाला उइकापारा तक सीसी रोड निर्माण की मांग। कानपुर निवासी मनबोध पोयाम कानपुर सात बहनीपारा में पुलिया निर्माण की मांग। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### केशकाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर जनदर्शन, समस्याएं निराकृत

**कोण्डागांव/ केशकाल।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर, अब हर मंगलवार को जनपद पंचायत केशकाल में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस नई पहल से केशकाल और बड़ेराजपुर क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याएँ और मांगें रखने के लिए सीधे जिला मुख्यालय तक नहीं आना पड़ेगा। पहले इन क्षेत्रें के ग्रामीणों को अपनी बात रखने के लिए कोंडागांव स्थित जिला कार्यालय जाना पड़ता था, जिसमें उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था। अब केशकाल जनपद पंचायत में ही हर मंगलवार को जनदर्शन होने से ग्रामीण वहीं अपनी समस्याएँ बता सकते हैं। जरूरत पड़ने पर वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीधे कलेक्टर से बात भी कर सकते हैं। इस व्यवस्था से ग्रामीण इलाकों के लोगों को लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिली है। उनकी समस्याओं का समाधान उनके अपने क्षेत्र में ही संभव हो गया है।



# माओवाद पीड़ित व आत्मसमर्पित व्यक्तियों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण प्राथमिकता से करें पूरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

■ रजत जयंती के तहत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में रजत जयंती वर्ष के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ राज्य गठन का रजत जयंती वर्ष 15 अगस्त 2025 से शुरू होकर 6 फरवरी 2026 तक मनाया जाएगा, जिसमें विभागवार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत कार्यों की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने माओवाद पीड़ित और आत्मसमर्पित व्यक्तियों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने केशकाल बायपास और रावघाट–जगदलपुर रेलवे लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और अन्य मामलों को जल्द निपटाने के लिए कहा, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। कलेक्टर ने राजस्व मामलों के निपटारे की भी समीक्षा की और सभी एसडीएम व तहसीलदारों को समय पर कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने वाले किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में शत–प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग से उन्होंने श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क मरीजों की लगातार निगरानी रखने और उनके इलाज में कोई लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया की रोकथाम के लिए नियमित जाँच और दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। इसके साथ ही, उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने और जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य कायोंर् की भी समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना अनंतपुर का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार ने 19 अगस्त को थाना अनंतपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्दी, अनुशासन और किट परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस जवानों को हमेशा सुसज्जित वर्दी में रहने और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की हिदायत दी।

थाना भवन व परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना अभिलेख, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, सीसीटीएनएस और स्टोर रजिस्टर की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण के उपायों पर जोर देते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने की विशेष समझाइश दी। वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रूपेश कुमार भी मौजूद रहे।



# जमीन के एवज में 10 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सह आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



■ एक ही जमीन दो लोगों को बेचकर किया धोखाधड़ी

जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख रूपए की ठगी करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में फरार सह आरोपी की तलाश की जा रही है। मामला बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम बयागुड़ा का है।

बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े ने बताया कि प्रार्थी हरिनंदन सिंह 64 साल निवासी चन्द्रशेखर वार्ड लालबाग ने 18 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि नौकरी से सेवानिवृत होने पर वर्तमान में घर पर रहते है। सेवानिवृति का समय नजदीक होने से वर्ष 2020-2021 मे जगदलपुर के आस पास जमीन का तलाश कर रहा था। तभी उसकी मुलाकात बोरपदर के वैधनाथ ठाकुर से होने से पूछताछ में पता चला कि बयागुड़ा टोल टेक्स नाका के पास तीन एकड़ नजूल जमीन है। इस जमीन में बयागुड़ा का दिलीप नाग कास्त कर रहा है जो बेचने वाला है। इसी जमीन को दिलीप सांवरा से प्रार्थी ने 10 लाख में खरीद लिया। उस समय प्रार्थी नौकरी में था इसलिए दिलीप सांवरा को खेती करने के लिए दिया था दिलीप के लड़के का शादी होने को थी। उसके कहने पर प्रार्थी ने दिलीप के आईसीआईसीआई बैंक के खाते में ऑनलाइन के माध्यम से 7 लाख रूपए भुगतान किया।

घेराबंदी कार्य के लिए 3 लाख रुपए नगद दिया गया। इस बीच प्रार्थी नौकरी से रिटायर होकर वापस घर आया तो पता चला कि दिलीप ने वह जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। प्रार्थी द्वारा जमीन के सम्बन्ध मे स्टाम मे अनुबंध लिखा गया है दिलीप सांवरा (नाग) ने अपने जमीन को बेचने के नाम पर बेईमानीपूर्वक प्रार्थी से 10 लाख रुपए ले लिया और प्रार्थी से छल करते हुए उसी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। प्रार्थी द्वारा लेन देन के सम्बन्ध में 18 प्रति दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। रिपोर्ट के बाद मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया वहीं मामले में सह आरोपी वैधनाथ ठाकुर फरार है जिसका पता तलाश किया जा रहा है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े के अलावा प्रधान आरक्षक उमेश चन्देल, कृष्णा मरावी, चोवादास गेंदले, आरक्षक भुवन सार्दुल, निरंजन वैध व सैनिक उमेश ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### बोधघाट एसएलआरएम सेंटर का स्थापना दिवस मनाया गया



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम ने आज बोधघाट स्थित एसएलआरएम सेंटर का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केक काटकर स्वच्छता दीदियों के साथ खुशियां साझा की गईं। उल्लेखनीय है कि आठ वर्ष पूर्व बोधघाट में एसएलआरएम सेंटर की स्थापना हुई थी, जो आज शहर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि स्वच्छता दीदियों की मेहनत और समर्पण से ही नगर का वातावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ बना हुआ है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद खगेंद्र ठाकुर, स्वेता बघेल, गायत्री बघेल, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, केके द्विवेदी, अजय पाल सिंह जसवाल, डीके परासर, गौतम आचार्य, अविनाश सिंह गौतम, मनीष मूलचंदानी, विवेक जैन, सूरज श्रीवास्तव, शुभ शुक्ला, रुपेश बीजोरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले के जनप्रतिनिधियों ने दिल्ली में देखा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**सुकमा।** नई दिल्ली में आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के दो जनप्रतिनिधियों शामिल हुए। जपं सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायत बडेसट्टी के सरपंच कलमू जोगा और जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत केरलापेदा के सरपंच भीमसेन वेट्टी ने इस राष्ट्रीय पर्व के भव्य आयोजन में शामिल हुए। देश की राजधानी में आयोजित इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना दोनों सरपंचों के लिए अत्यंत गर्व का विषय रहा। दिल्ली यात्रा के पश्चात दोनों जनप्रतिनिधियों ने सुकमा लौटकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा, डीपीएम आरजीएसए किशोर देशमुख भी उपस्थित थे।
सरपंचों के साथ इस यात्रा में वरुण मिश्रा, प्रोग्राम लीडर पिरामल फाउंडेशन को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं केन्द्र एवं राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं हितग्राहियों को शासन के योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा गया। नियद नेल्लानार योजनान्त्रगत चिन्हाकिंत गांवो में संचालित विकास कार्यो एवं अद्योसंरचना के प्रगति की समीक्षा किया गया। वहीं बिजली, पानी, सड़क कनेक्टिविटी की जानकारी ली।

# स्कूल भवन जर्जर, विद्यार्थियों की जान पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर





विकासखंड बस्तर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा का भवन इस कदर जर्जर हो चुका है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्कूल की छत से प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है, लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है और खिड़की का छज्जा टूटकर लटक गया है। वहीं स्कूल भवन के अंदर फर्श भी उखड़ चुका है और साफ-सफाई की स्थिति भी बदतर है।

स्कूल भवन के निर्माण के साथ-साथ दीवालों और विम में आया दरार पर विभाग के द्वारा दबाया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप देवांगन ने बताया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार जिला स्तर और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और शिक्षा विभाग को दी गई। यहां तक कि लिखित आवेदन भी प्रस्तुत किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही लगातार भय के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। प्राचार्य का कहना है कि कई बार विद्यार्थी छत से गिरते मलबे से बाल-बाल बचे हैं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

### स्कूल भवन का एक बार भी नहीं हुआ है मरम्मत

इस मामले पर संज्ञान लेते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है। अधिकारियों की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि इस समस्या को प्राथमिकता से हल कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## बीमार बच्चों को अस्पताल भेजने की अधीक्षक को फुर्सत नहीं

# गंदगी से 11 बच्चे बीमार, पानी टपकते छत के नीचे सोने मजबूर






### यह बच्चे हैं बीमार

अर्जुन कड़ती उम्र 7 पिता कड़ती सीतैया,पवन सोढ़ी उम्र 8 पिता मलेश सोढ़ी, संतोष काका 11 वर्ष पिता पापा राव, आशीष 8 वर्ष पिता सत्यम संदीपमल्ला, विक्रम, पिता मुन्ना 10 वर्ष, नविन मोडिया पिता सत्यम, राम चिट्टी बड़से पिता लच्छा, वरुण मोडियम पिता राम मूर्ति, संजय सोढ़ी पिता लिंगा, मोटू कट्टम पिता रामा कट्टम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

गन्दी औऱ दुर्गंध से आश्रम के 11 बच्चे बीमार हैं। उल्टी सिरदर्द बुखार से पीड़ितों को जिम्मेदार अधीक्षक अस्पताल भी ले जाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। आश्रम की जिम्मेदारी चपरासियों के हवाले हैं,जो पकाकर खिलाने और पढ़ाने की दोहरी जवाबदारी संभाल रहे हैं।

- आश्रम की जिम्मेदारी चपरासियों के हवाले

उसूर में संचालित 150 सीट बालक आश्रम की हालत बद से बदतर हैं। बिल्डिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। बारिश का पानी पूरी दीवार में सीपेज मार है, बच्चे जहां सोते वहां पानी भरा हैं, प्रसाधन की सुविधाएं नहीं होने से रात को सभी बच्चे बाजू में बने कक्ष को प्रसाधन के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सीपेज मारता बारिश का पानी कक्षा में जमा होकर, बदबू मार रहा हैं। यह दृश्य देख अंदाजा लगा सकते हैं, किस तरह मासूम आदिवासी बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं।

आश्रम अधीक्षक की लापरवाही साफ नज़र आ रहीं हैं जिन्हे इस बात का अहसास भी नहीं, आश्रम में पढ़ने वाले बच्चो के लिए प्रसाधन बनाया जाये, नतीजा यह हैं की आश्रम में दुर्गंध और गंदगी की वजह से 11 बच्चे बीमार हो गए हैं। हरिभूमि की टीम जिस वक्त पहुंची उस दौरान अधीक्षक कन्ना सोढ़ी नदारत रहे। इस दौरान एक टीचर शांता राव मांझी बच्चों को पढ़ते हुए मिले, जिनसे पूछने पर कहा एक कैम्पस में पुजारी कांकेर सौ सीटर एवं गलगम 50 सीटों के दो आश्रम संचालित हैं, बाजार होने की वजह से गलगम आश्रम के अधीक्षक सामान खरीदने गये हैं, यही नहीं आश्रम के स्कूल में पदस्थ अन्य दो शिक्षक कमला नेताम और प्रवीण गठपल्ली भी मौजूद नहीं रहे।

गौरतलब हैं की पूर्व में भी आश्रम के बच्चों की ऐसे ही नजरअंदाजी की वजह से बीमारी से मौत हो चुकी हैं, इन घटनाओं के बावजूद सबक हासिल नहीं कर रहे हैं। इन अव्यवस्थाओं पर मंडल संयोजकों की नज़र होनी चाहिए किंतु यह अपनी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हैं। इस बारे में जब मंडल संयोजक नागराज पनतंगी को मोबाईल से संपर्क किया गया तो उन्होने कॉल रिसीव नहीं किया।

## पीएम श्री स्कूल पेगड़ापल्ली में अधीक्षक के खिलाफ खोला मोर्चा

# अनुदेशक और चपरासी बोले, अब और नहीं जल्द हटाओ अधीक्षक को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम



पीएम श्री बालक रेसिडेंशियल स्कूल पेगडापल्ली में अनियमितताओं और अमानवीय व्यवहार के आरोपों को लेकर संस्था के समस्त अनुदेशकों एवं चपरासियों ने अधीक्षक अग्गी कामेश्वर के विरुद्ध आवाज उठाई है। इस संबंध में उन्होंने भोपालपटनम भाजपा मंडल अध्यक्ष को एक शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें अधीक्षक को तत्काल हटाए जाने की मांग की गई है।

शिकायत में बताया गया है कि अधीक्षक की लापरवाही के कारण विद्यालय में अनुशासनहीनता, अव्यवस्था और बच्चों की उपेक्षा का वातावरण बन गया है। अनुदेशकों और चपरासियों का कहना है कि अधीक्षक का रवैया न केवल कर्मचारियों के प्रति अपमानजनक है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, भोजन और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक असर डाल रहा है।

### शिकायत पत्र में लगे गंभीर आरोप

शिकायतकर्ताओं ने अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते बच्चों की देखरेख में घोर लापरवाही, भोजन व्यवस्था में गंभीर खामियां, कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार, संस्थान के दैनिक संचालन में उदासीनता, विद्यालय की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला आचरण, शिकायत में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है। अधीक्षक की उदासीनता और अनुचित व्यवहार से संस्था का वातावरण खराब हो गया है। यदि समय रहते इन्हें पद से नहीं हटाया गया, तो बच्चों के भविष्य और चरित्र निर्माण पर गहरा संकट आ सकता है।

### कर्मचारियों में आक्रोश, 20 लोगों ने किए हस्ताक्षर

इस सामूहिक शिकायत पत्र पर कुल 20 कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें 12 अनुदेशक और 8 चपरासी शामिल हैं। यह पहली बार है जब संस्था के कर्मचारियों ने इतने स्पष्ट और एकजुट स्वर में प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई है।

अनुदेशकगण में चंद्रप्रकाश झाड़ी, चिडेम कामेश्वर, चिडेम संजय, रामचंद्र गोटे, पोट्टीराम जवा, राजन्ना गांधरला, हनुमंत जनगम, लक्ष्मीनारायण टिंगे, दिनेश पूनम, वासुदेव मोरला, तीरथ पसपुल, सैंड्रा सुरेंद्र हैं। चपरासियों में वलवा सुधाकर,गोटे लक्ष्मैया, सुखराम पुनेम, टिंगे रमेश, राजू कुरसम, वादेश गोटा, संदीप पलदेव, दुर्योधन मेट्टा हैं।

शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि अग्गी कामेश्वर को तत्काल पदमुक्त कर, उनकी जगह किसी योग्य, संवेदनशील और बच्चों के प्रति समर्पित अधीक्षक की नियुक्ति की जाए। अब पूरे क्षेत्र की नजरें मंडल अध्यक्ष और शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर प्रकरण में क्या कदम उठाते हैं।

# पटवारियों ने ऑनलाइन कार्यों का किया बहिष्कार

## गिरदावरी नक्शा बटांकन, डीएससी और त्रुटि सुधार जैसे कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम



राज्य शासन द्वारा पटवारियों को 1100 रुपये संसाधन भत्ता देने के आदेश के बाद भी प्रदेशभर के पटवारी संतुष्ट नहीं हैं। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप ने कहा कि सरकार की ओर से आंशिक मांगें माने जाने के कारण 16 अगस्त से जारी ऑनलाइन बहिष्कार जारी रहेगा।

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने हाल ही में शासन द्वारा जारी किए गए आदेश पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है, जिसमें संसाधन भत्ता 1350 रुपये के स्थान पर मात्र 1100 रुपये दिए जाने का आदेश प्रसारित किया गया है, जिसमें 250 रुपये स्टेशनरी भत्ता को मर्ज किया गया है। पटवारी संघ का कहना है कि यह आदेश हमारे साथ अन्याय है और हमें अपने कार्यों को करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हमने पहले ही ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार किया था और शासन से संसाधन भत्ता बढ़ाने की मांग की थी। पटवारी संघ का कहना है कि हमने निर्णय लिया है कि हम डिजिटल क्रॉप सर्वे के समस्त प्रकार के कार्य नहीं करेंगे और एग्रीस्टेक जो मूल रूप से कृषि विभाग के अंतर्गत है, उनसे ही उक्त संबंधी कार्य लिया जाए। साथ ही प्रांतीय राजस्व पटवारी संघ के निर्णयानुसार कि अगर किसी भी पटवारी पर इस संबंध में कार्यवाही होती है, तो पूरे प्रदेश भर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य हो जाएंगे। हम शासन से अनुरोध करते हैं कि वह हमारी मांगों पर विचार करें और हमें न्याय प्रदान करें। लंबे समय से मांग वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति व वेतन विसंगति की मांग जिसे शासन बार बार अनदेखी कर रहा है जिसके कारण पटवारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### मांगे पूरी नहीं होने से आंदोलन होगी तेज

पटवारियों द्वारा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किए जाने से गिरदावरी, नक्शा बटांकन, डीएससी और त्रुटि सुधार जैसे कार्य ठप हो गए हैं। इससे धान पंजीयन, खाद-बीज वितरण जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि भुइयां सॉफ्टवेयर के संचालन में बीते 11 वर्षों से स्वयं खर्च उठाया जा रहा है, लेकिन शासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समस्त मांगें नहीं मानी जातीं, ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही संतोषजनक समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बारिश से किसान का बैल कोठा ढहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोण्ड



विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा में लगातार हो रही भारी बारिश ने ग्रामीणों की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसी कड़ी में गांव के किसान कोयटू मौर्य के घर बड़ा हादसा हो गया। बारिश के कारण उनका बैल कोटा पशुओं का बाड़ा अचानक गिर पड़ा, जिससे अंदर बंधे मवेशियों को गंभीर चोटें आईं। इस घटना में एक गाय बुरी तरह घायल हो गई, जबकि अन्य बैल और गायों को भी हल्की-फुल्की चोटें पहुंचीं।

छेपड़ापारा निवासी कोयटू मौर्य ने बताया कि शाम के समय अचानक बारिश तेज हो गई और पानी के दबाव से बैल कोटा भरभराकर गिर पड़ा। पशुओं की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और ग्रामीण दौड़कर आए और बड़ी मुश्किल से मलबे में दबे मवेशियों को बाहर निकाला गया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा उनके लिए दोहरी मार जैसा है, क्योंकि 20 दिन पहले ही उनके घर की दीवार पूरी तरह गिर चुकी थी। लगातार दो हादसों ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को गहराई से प्रभावित किया है। कोयटू मौर्य का कहना है कि वे एक गरीब परिवार से आते हैं और खेती-किसानी और पशुपालन ही उनके जीविकोपार्जन का साधन है। घर की दीवार गिरने से पहले ही वे परेशानी में थे और अब बैल कोटा ढहने से उनके पशु भी संकट में हैं। गाय के गंभीर रूप से घायल होने से दूध उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। उनका नुकसान इतना बड़ा है कि उसे अकेले झेल पाना मुश्किल है, इसलिए वे सरकार से मदद की अपेक्षा करते हैं। इस घटना पर ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना तत्काल पटवारी को दी जा चुकी है। संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है और जैसे ही राहत एवं मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होती है, पीड़ित परिवार को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत स्तर पर भी हर संभव सहयोग किया जाएगा। भारी बारिश के कारण इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कहीं दीवारें गिर रही हैं, तो कहीं पेड़ और कच्चे मकान ढह रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि प्रभावित परिवारों का तत्काल सर्वे कराया जाए और उचित आर्थिक सहायता दी जाए ताकि गरीब परिवार फिर से अपने जीवन को संभाल सकें।

यह घटना केवल एक परिवार की समस्या नहीं है, बल्कि यह बस्तर क्षेत्र में भारी बारिश से उपजे हालातों की झलक है। हर साल बरसात में कच्चे मकानों और पशु कोटों के ढहने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे गरीब किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है। प्रशासन और सरकार को चाहिए कि समय रहते प्रभावितों को मुआवजा और मदद मुहैया कराए, ताकि उनके जीवन की गाड़ी फिर से पटरी पर आ सके।

# कमाण्डेन्ट ने क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा



241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सेडवा कैम्प में न्यू इण्डिया की थीम के साथ 79वाँ स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस थीम का उद्देश्य 2047 तक एक समृद्ध, सुरक्षित और आत्म निर्भर भारत बनाने के संकल्प को मजबूत करना है। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट-241 बटालियन द्वारा क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर सलामी ली तथा संबोधित कर बताया गया कि वर्ष 1947 को इसी दिन इण्डियन इण्डिपेन्डेन्ट एक्ट 1947 पारित करके ब्रिटिश संसद ने भारत को आजाद देश घोषित किया था। इसके बाद लाल किले पर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने झण्डा फहराया और भारत की एक नई कहानी शुरू हुई। देश की आन-बान एवं शान के लिए रणबाकुरों के शहादत एवं उनके कर्तव्य को आत्मसात करते हुए देश प्रथम की भावना को संकल्पित किया गया। इस अवसर पर पदकों से नवाजे गए जवानों को अलंकृत किया गया। पिछले वर्ष के दौरान विविध पदकों से अलंकृत किए गये मरणोपरान्त एवं सेवारत अधिकारियों व कार्मिकों के नाम से सभी जवानों को अवगत कराया गया। विशेष उपलब्धि प्राप्त कार्मिकों को कमाण्डेन्ट द्वारा महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से अलंकृत किया गया साथ ही जवानों को कमाण्डेन्ट-241 बटालियन की तरफ से मिठाई वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त दोपहर के भोजन में सभी अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को आमंत्रित कर चलती आ रही बल की परम्परा को निभाया गया। सांयकाल में वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया तथा बड़ा खाना का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला उप कमाण्डेन्ट, प्रमोद कुमार सिंह सहायक कमाण्डेन्ट, अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# जिले के समावेशी विकास में योगदान कर नई ऊंचाइयों को छुएं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा/गीदम




छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ऑडिटोरियम, जावंगा गीदम में आदिवासी विकास विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों के पश्चात जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि आज का दिन समस्त छत्तीसगढ़ वासियों और विशेषकर जिलेवासियों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के आश्रम-छात्रावासों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे लिए गौरव का क्षण हैं। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्हीं के अथक प्रयासों से मध्य प्रदेश से पृथक कर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन संभव हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के पश्चात शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका प्रत्यक्ष अनुभव आज हमें हो रहा है। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं भी कक्षा 10वीं तक आश्रम-छात्रावास में रहकर अध्ययन किया है। पहले आश्रम-छात्रावासों में सीटों की संख्या बहुत सीमित हुआ करती थी, परंतु आज शासन-प्रशासन की सक्रिय पहल के कारण बच्चों के लिए बड़ी संख्या में नए एवं सुसज्जित आश्रम-छात्रावास स्थापित किए जा चुके हैं। शासन का प्रयास है कि किसी भी आश्रम-छात्रावास के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएँ सहज रूप से उपलब्ध हों। अपने संबोधन में विधायक श्री अटामी ने यह भी कहा कि पहले बच्चों को संगीत शिक्षा के लिए खैरागढ़ संगीत महाविद्यालय जाना पड़ता था, किंतु अब मुख्यमंत्री के प्रयासों से दंतेवाड़ा जिले में भी संगीत महाविद्यालय की स्थापना हो चुकी है। इससे न केवल जिले के बच्चों को सुविधा मिली है, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का एक नया मंच भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिले के समग्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि कभी रायपुर पहुँचने में 12 घंटे से अधिक का समय लगता था, जबकि आज यह दूरी केवल 5 घंटे में पूरी की जा सकती है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे क्षेत्र में तेजी से विकास की धारा प्रवाहित हो रही है। अंत में श्री अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की उपलब्धियों को याद करने, उन्हें आत्मसात करने और आने वाले 25 वर्षों की दिशा तय करने का भी अवसर है।

# शहर को मिलेगी नई पहचान, 75 करोड़ के सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू को पत्र लिखकर 75 करोड़ रुपये की स्वीकृति की मांग की है। इस राशि से नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण विकास कार्य किए जाएंगे, जिनसे न केवल शहर की खूबसूरती बढ़ेगी बल्कि स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और पर्यटन की दृष्टि से भी शहर को नई पहचान मिलेगी।

महापौर ने अपने पत्र में लिखा है कि संभाग मुख्यालय होने के साथ-साथ पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण शहर है।

प्रस्तावित कार्यों में रिवरफ्रंट व्यू (इंद्रावती नदी) निर्माण कार्य 40 करोड़ रुपये। इस परियोजना के अंतर्गत इंद्रावती नदी किनारे रिवरफ्रंट का निर्माण किया जाएगा, जिससे शहरवासियों को मनोरंजन व भ्रमण का नया स्थल मिलेगा। साथ ही यह स्थान पर्यटन की दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।

शहर के यातायात दबाव और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नए बस स्टैंड के विस्तार कार्य की योजना 20 करोड़ की बनाई गई है। इसके पूर्ण होने पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शहर का यातायात भी सुगम होगा। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मार्गों, चौक-चौराहों, उद्यानों और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही सड़कों और लाइटिंग की व्यवस्था में सुधार होगा, जिससे शहर की छवि और अधिक निखरेगी। इसके लिए 15 करोड़ का प्रस्ताव किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री को महापौर ने लिखा पत्र



#### मॉडल शहर बनेगा जगदलपुर

महापौर ने कहा कि शहर तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। यहां जनसंख्या, व्यापार और पर्यटन का विस्तार हो रहा है, ऐसे में नागरिकों की सुविधाओं के साथ-साथ शहर की सुंदरता और आधुनिकता को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि ये योजनाएं मूर्त रूप लेती हैं तो जगदलपुर न केवल बस्तर संभाग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में एक मॉडल शहर के रूप में उभरेगा। उन्होंने मंत्री तोखन साहू से आग्रह किया है कि इन कार्यों के लिए 75 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की जाए।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विधायक का माना आभार



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बस्तर संभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी प्रवीण श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्राचार्य पदोन्नति के सम्बद्ध में विधायक किरण देव से भेंट कर प्राचार्य पदोन्नति की काउंसलिंग प्रारम्भ कराने के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया। चर्चा में प्राचार्य पदोन्नति में सेजस के 6 स्कूल जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानगुरु, तोकापाल, लोहण्डीगुडा, बकावंड, मांझीगुडा दरभा व करपावंड के पद शामिल नहीं किए गए थे उन्हें शामिल कराने एवं प्राचार्य पदोन्नति बाद ही उन रिक्त पदों की गणना कर सम्मिलित करते हुए व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति करने तथा इन सब प्रक्रिया के बाद ही बस्तर संभाग में मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक के पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया हो की मांग की गई जिस पर सहमति देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी मांगो पर कार्यवाही की बात कहीं। इन मांगो के पूरा होने पर पदोंन्नति की राह देख रहें वरिष्ठ शिक्षकों एवं प्रधान अध्यापकों को इसका लाभ मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में राजेश गुप्ता, मोहम्मद ताहीर शेख, अमित पॉल, मनीष ठाकुर, बृजेश श्रीवास्तव, देवानंद नाग व मोहम्मद रियाजुद्दीन उपस्थित थे।

### कार्यशाला में पहुंचे हरिद्वार के 3 सन्यासी



**जगदलपुर।** पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा चार दिवसीय आवासीय योग यज्ञ प्रशिक्षण शिविर एवं कार्यशाला स्वामी परमार्थदेव महाराज, मुख्य केंद्रीय प्रभारी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, स्वामी ऋतदेव, स्वामी नरेंद्र देव के सानिध्य में रायपुर मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के 250 से ज्यादा तहसीलो मे योग, आयुर्वेदके माध्यम से स्वास्थ्य,स्वदेशी,शिक्षा क्षेत्र,सनातन,जागरूकता फैलाना। उपरोक्त कार्यशाला में संजय अग्रवाल वरिष्ठ प्रांतप्रभारी भारत स्वाभिमान, डॉ मनोज पानीग्राही, राज्य प्रभारी, पतंजलि योग समिति, संघटन मंत्री राम शर्मा,गणेश तिवारी राज्य प्रभारी किसान सेवा समिति, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी श्रवण केजरीवाल, छत्तीसगढ़ राज्य, छविराम साहू प्रभारी छत्तीसगढ़ राज्य, भारतीय शिक्षा बोर्ड, ईल्ला हरी प्रसाद राव, संभागीय प्रभारी, भारतीय शिक्षा बोर्ड, बस्तर संभाग एवं प्रदेशभर से पतंजलि योग परिवार ज़िला व तहसील प्रभारी सहित छत्तीसगढ़ एवं कार्यकर्ता उपस्थित हो संपूर्ण छत्तीसगढ़ के गांव-गांव तक योग,यज्ञ और स्वदेशी को पहुँचाने का संकल्प लिया। बस्तर के प्रतिनिधि मंडल ने समस्त तहसीलों में योग को पहुँचाने का प्रण ले,योग शिविरों के आयोजन की बात कही। बस्तर ज़िले से निम्न पदाधिकारी उपरोक्त कार्यक्रम मे सफल पूर्वक भाग लिया।

## महापौर ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर नालियों की स्थिति का लिया जायजा

# जलभराव से स्थायी मुक्ति दिलाना निगम की प्राथमिकता : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बरसात के मौसम में जलभराव से परेशान नागरिकों को राहत दिलाने नगर निगम निरंतर प्रयास कर रहा है। महापौर संजय पांडे ने सोमवार को दलपत सागर वार्ड अंतर्गत गायत्री नगर, अटल बिहारी बाजपेई वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, लालबाग सनसिटी, शहीद पार्क का दौरा कर नालियों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि पानी की निकासी में जो भी अवरोध हैं उसे तत्काल हटाया गया है और टूट-फूट को ठीक करने मौजूद अमला से कहा गया है। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, वार्ड पार्षद बसंती समरथ और निगम का तकनीकी अमला मौजूद रहा।

#### गायत्री नगर में घरों में पानी भरा

गायत्री नगर की समस्या पर महापौर ने माना कि यह इलाका हर साल बारिश में जलभराव से जूझता है। उन्होंने कहा समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है जब लोग निगम के साथ मिलकर सहयोग करें। तकनीकी अमले से चर्चा कर तत्काल कदम उठाने का निर्णय लिया गया है ताकि लोगों के घरों में पानी ना भरे।

#### नाली निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया

धरमपुरा और साईं कॉलोनी में अस्थायी व्यवस्थाओं को देखा। महापौर ने कहा कि साईं कॉलोनी में फिलहाल कच्ची नाली बनाकर पानी की निकासी की जा रही है , लेकिन स्थायी व्यवस्था के लिए नाली निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ होगा। महापौर ने कहा गायत्री नगर के एक हिस्से में नाली का निर्माण कर राहत पहुंचाया गया है और एक चैनल नाली बनाकर मुख्य मार्ग की नाली से जोड़ा गया है जिससे समस्याओं में थोड़ी कमी आई है।

### स्कूल पहुंचकर महापौर ने पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

## शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी बनाना सबकी जिम्मेदारी : पाण्डेय

**जगदलपुर।** कालीपुर स्थित हम एकेडमी स्कूल पहुंचे महापौर संजय पाण्डे ने बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक अपने घर का गीला और सूखा कचरा अलग रखे और उसे कचरा गाड़ी को ही सौंपे, तो जगदलपुर को भी इंदौर की तरह ग्रीन और क्लीन सिटी बनाया जा सकता है। महापौर ने कहा कि शहर को गंदगी से मुक्त रखने के लिए मोहल्लों और नुक्कड़ों पर कचरा न फेंका जाए। यदि कचरा गाड़ी समय पर न आए, तो नागरिक टोल फ्री नंबर 1100 पर शिकायत करें । इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ और शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे शहर की स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान देंगे और लोगों को कचरा प्रबंधन के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, संस्था प्रमुख हनीफ बरबटिया, शाहिल बरबटिया, प्राचार्य सच्चिदानंद जोशी, उप प्राचार्य आशा जोशी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष राहुल जैन, विवेक जैन, अमरदीप सिंह सोढ़ी, सुमन भवसार, डॉ. मनोज थॉमस सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





#### छात्र छात्राओं का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में हाल ही में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। विजयी छात्र-छात्राओं को महापौर और अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## रिदा मीर को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. ए.पी.जे. स्कूल एवं जागृति स्टेप अप कंप्यूटर सेंटर की संचालिका रिदा मीर को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित एन.डी.एम.सी. कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस अवसर पर वायएसएस फाउंडेशन की ओर से आयोजित समारोह में रिटायर्ड ऑफिसर्स इंडियन एयर फोर्स, दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड अधिकारी रोहतांश कुमार, इंडियन आर्मी के पूर्व अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासकीय अधिकारियों की मौजदगी रही।

- शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान का मिला सम्मान

रिदा मीर लंबे समय से बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रकाश फैलाने में सक्रिय रही हैं। वर्तमान में डॉ. ए.पी.जे. स्कूल की 5 शाखाएं बकावंड, करपावंड, जयबेल, केशरपाल, नानगूर और जागृति कंप्यूटर सेंटर की 5 शाखाएं संचालित हो रही हैं, जिनसे सैकड़ों विद्यार्थी शिक्षा एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

## प्रतिभागियों ने लिया संकल्प योजनाओं से लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण में देंगे योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवा भारत बस्तर के तत्वावधान में महाविद्यालय लोहंडीगुड़ा में केंद्र प्रायोजित प्रमुख योजनाओं के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देना तथा उनके लाभ एवं उपयोगिता से अवगत कराना था। मुख्य योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दी। राजीव पानीग्राही ने डिजिटल इंडिया एनिसिटिव तकनीकी सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं की पहुंच हैं। हेमराव खापर्डे ने स्किल इंडिया मिशन युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना, आयुष्मान भारत योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य बीमा सुविधा पर जानकारी दी। जनपद उपाध्यक्ष लोहंडीगुड़ा बसंत कुमार कश्यप ने कहा कि भारत सरकार की योजनाएं केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं के लिए अवसर हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप ने कहा आज देश की प्रगति और युवाओं के सशक्तिकरण में इन योजनाओं की अहम भूमिका है। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया मूवमेंट, मेक इन इंडिया जैसी योजनाएँ केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं। महाविद्यालय के सोहद्रा दिवान,मधु तारक,सपना राय, छात्र-छात्राओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकतार्ओं ने सक्रिय रूप से कार्यशाला में भाग लिया। आभार प्राचार्य के द्वारा किया गया । प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे इन योजनाओं से अधिकतम लाभ उठाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। इस दौरान भाजपा महामंत्री सावेंद्र सेठिया,बालसिंह ठाकुर,शिवनंदन पेगड़, प्रिंसिपल राजीव पानीग्राही,तेजेश्वर पानीग्राही,लखन ठाकुर, चेतन ग्वाल उपस्थित थे।

- कार्यशाला में दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी



## काव्य संग्रह नदी के नाम पैगाम का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रगतिशील लेखक संघ ने रंगकर्मी, कवि सुभाष पांडेय के काव्य संग्रह नदी के नाम पैगाम का लोकार्पण लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में किया। वरिष्ठ चित्रकार बंशीलाल विश्वकर्मा, वरिष्ठ रंगकर्मी एम.ए.रहीम तथा वरिष्ठ साहित्यकार मदन आचार्य के द्वारा किया गया। जगदीश चंद्र दास ने संक्षिप्त पृष्ठभूमि रखी। संचालन करमजीत कौर ने किया। काव्य संग्रह नदी के नाम पैगाम की समीक्षात्मक आलोचना करते हुए खुदेजा खान और हिमांशु शेखर झा ने कविताओं को कथ्य और शिल्प के लिहाज से मुकम्मल और गहन संवेदना से संपृक्त बताया। बस्तर माटी संस्था ने बंशीलाल विश्वकर्मा,एम.ए.रहीम और सुभाष पांडेय का सम्मान श्रीफल और अंगवस्त्र (पाटा) देकर किया। पुस्तक लोकार्पण के कार्यक्रम में सुनील श्रीवास्तव,योगेंद्र सिंह राठौर,अवध किशोर शर्मा, रूद्र नारायण पाणिग्राही, रामेश्वर प्रसाद चंद्रा, दीपक थवानी, उर्मिला आचार्य, सुषमा झा, नवनीत कमल, कविता बिजौलिया, सतीश जैन, गोपाल पांडेय , विक्रम कुमार सोनी और धन सिंह शामिल थे। इस आयोजन में लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय के नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा और प्रभारी अधिकारी सूरज निर्मलकर का विशिष्ट सहयोग रहा।

- बंशीलाल विश्वकर्मा, एमए रहीम और सुभाष पांडेय का श्रीफल और अंगवस्त्र से सम्मान

## धर्मांतरित आदिवासियों को सूची से हटाना अनुचित : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- अरविंद नेताम के बयान से बस्तर में वर्ग संघर्ष की आशंका

धर्मांतरित आदिवासियों को सूची से हटाने का आह्वान कर आदिवासी आबादी के भीतर अल्पसंख्यक समूहों को हाशिए पर धकेलने का जोखिम पैदा करता है । बस्तर अधिकार मोर्चा के प्रमुख नवनीत चांद ने वरिष्ठ आदिवासी नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम के इस तरह के बयानो को भ्रामक और बस्तर में अशांति फैलाने वाला बताया है।

उन्होंने कहा ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाने वाले आदिवासियों को सूची से हटाने की अरविंद नेताम की वकालत संवैधानिक चिंताओं को जन्म देती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें विश्वास को मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार शामिल है। धार्मिक पसंद के आधार पर सूची से हटाना इस अधिकार और अनुच्छेद 14 और 15 के तहत समानता और गैर-भेदभाव के सिद्धांतों का उल्लंघन होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने धार्मिक स्वतंत्रता को बरकरार रखा है ।

## राजस्व निरीक्षकों ने ऑनलाईन सरकारी कार्यो का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छतीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ बस्तर के अध्यक्ष रोहित देशपांडे के नेतृत्व में कमिश्नर और कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में प्रांतीय आव्हान पर ऑनलाईन सरकारी कार्यो का बहिष्कार के निर्णय की बात कही गई। मांगो के संबंध में छतीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के सचिव और भू अभिलेख के संचालक को ज्ञापन में विस्तार से जानकारी दी गई है। जिसमें नायब तहसीलदार और सहायक अधीक्षक भू अभिलेख के रिक्त पदों पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार के 50 प्रतिशत पद विभागीय भर्ती एवं पदोन्नति से भरा जाए, शासकीय कार्यो के लिए साधन और संसाधन की व्यवस्था, राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती सहित अन्य मांगे शामिल है। 18 अगस्त से ऑनलाईन शासकीय कार्यो का निर्वहन नही करने की चेतावनी देते कहा गया है कि निराकरण नही होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन की कॉपी मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री को भी भेजी गई है।

- संघ ने कमिश्नर और कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा



### बस्तर पुलिस का टेक बैक योर प्रॉपर्टी अभियान जारी

## गुम व चोरी हुए 233 मोबाइल रिकवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान टेक बैक योर प्रॉपर्टी के तहत गुम हुए 233 मोबाईल बरामद किया गया है। चोरी के इन मोबाईलों को आजादी के महोत्सव के अवसर पर मोबाईल धारको को लौटाया गया। गुम व चोरी गए मोबाईल मिलने की उम्मीद खो चुके मोबाईल धारकोंमें मोबाईल मिलने की खबर दाहेरी खुशी लेकर आई जब उन्हें उनके मोबाईल मिलने की खबर मिली।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के गार्गदर्शन में सायबर अपराधों पर लगातार कार्रवाई करते हुए बस्तर पुलिस अब आम नागरिकों की सुविधा को भी प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में टेक बैक योर प्रॉपर्टी अभियान के तहत पूर्व में गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को सीइआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैक कर रिकवर किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के अवसर पर सायबर सेल जगदलपुर ने अथक प्रयास कर बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किया गया हैं। इन रिकवर मोबाइल फोनों को संबंधित थानों को सौंपा गया है जहां से वास्तविक स्वामी को दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत सुपुर्द किया जाएगा।

प्रार्थी को मोबाइल प्राप्त करने के लिए मोबाइल गुमशुदगी का आवेदन के अलावा आधार कार्ड की फोटोकॉपी, मोबाइल की बिल कॉपी यदि उपलब्ध न हो तो मोबाइल का डिब्बा दिखाना होगा।

#### इन थाना क्षेत्रों में गुम व चोरी हुई थी मोबाईल

एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाईल गुम होने व चोरी होने के बाद मोबाईल रिकवर किया गया है। इनमें नगरनार थाना नगरनार क्षेत्र से 22, कोतवाली 57, बोधघाट 50, परपा 23, बस्तर 30, भानपुरी 6, बकावंड 20, करपावंड 2, लोहंडीगुड़ा 16, कोड़ेनार 6, दरभा 1 व बड़ांजी थाना क्षेत्र से 2 कुल 233 मोबाइल रिकवर किया गया है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपका मोबाइल गुम या चोरी हो जाए तो तत्काल अपनी शिकायत राष्ट्रीय हेल्पलाइन पोर्टल सीइआईआर पर दर्ज कर नंबर ब्लॉक करें और टेलीकॉम कंपनी से संपर्क कर सिम बंद करवाएं।

